अमर उजाला 18/05/2023

# रामायण के श्लोकों और वकतव्य में रिया रही प्रथम

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज (जीएमन कॉलेज) के संस्कृत विभाग और रामायण प्रचार प्रसार प्रतिष्ठान उपकेंद्र के सहयोग से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें विद्यार्थियों की ओर से रामायण श्लोकों का उच्चारण गाकर और रामायण पर वक्तव्य प्रस्तुत किया।

इसमें संस्कृत विभाग के तीनों वर्ष के विद्यार्थियों ने बढ-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए तृतीय वर्ष की रिया, दूसरा स्थान बीए तृतीय वर्ष की छात्रा संदीप कौर, तीसरा स्थान बीए द्वितीय वर्ष विष्णु प्रसाद और सांत्वना स्थान बीए तृतीय वर्ष की छात्रा शगुन और रितु (द्वितीय वर्ष) को प्राप्त हुआ। कॉलेज के प्राचार्य ने छात्रों को संस्कृत साहित्य से अवगत करवाया। मंच संचालन की भूमिका विभाग के सहायक प्रवक्ता शुभम शर्मा ने निभाई। संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



श्लोकों का उच्चारण करती छात्रा। संवाद